*प्रेस नोट दिनांक 26.05.2026*

*थाना इस्लामनगर, बदायूँ*

*थाना इस्लामनगर पुलिस को मिली बड़ी सफतला*

*थाना इस्लामनगर क्षेत्रांतर्गत ग्राम सिठौली व कस्बा इस्लामनगर मे हुई डकैती/लूट की घटनाओं से सम्बन्धित 05 अभियुक्तगण को पुलिस मुठभेड में गिरफ्तार किया गया।*

*अभियुक्तगण के कब्जे से डकैती/लूट की घटना से संबंधित आभूषण (सफेद व पीली धातु) तथा 35000/- रुपये नगद एवं कब्जे से नाजायज 03 तमंचा 315 बोर व 06 जिंदा व खोखा कारतूस 315 बोर बरामद।*

*घटना का संक्षिप्त विवरण*- दिनांक 19/20.05.2026 की रात्रि मे ग्राम सिठौली व कस्बा इस्लामनगर मे हुई डकैती/लूट के सम्बन्ध में थाना इस्लामनगर पर मारपीट कर आभूषण व नगदी ले जाने के सम्बन्ध में अज्ञात अभियुक्तगण के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किये गये थे।

सुश्री अंकिता शर्मा - वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बदायूँ द्वारा मुकदमों के अनावरण हेतु निर्देश दिये गये थे आदेश के अनुपालन मे एवं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी बिल्सी के नेतृत्व मे थाना इस्लामनगर पर पंजीकृत मुकदमो का सफल अनावरण कर अभियुक्तगण की गिरफ्तारी / माल बरामदगी हेतु टीमें गठित की गयी थी।

दिनांक 25/26.05.2026 की रात्रि को मुखबिर खास द्वारा पुलिस टीम को सूचना प्राप्त हुई कि डकैती/लूट के मुकदमे से सम्बन्धित अभियुक्तगण इस्लामनगर – चंदौसी मार्ग बरई पुल के पास ग्राम उल्ला के जंगल में छिपे हुए हैं जो किसी नई घटना को अंजाम दे सकते हैं इस सूचना पर थाना इस्लामनगर पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर जंगल की घेराबंदी की गयी जिसमें संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा अपने आप को घिरता हुआ देखकर पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर किये, जिसमें पुलिस आरक्षी अनुज कुमार घायल हो गया, आत्मरक्षार्थ पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग की गई जिसमें 01 अभियुक्त के दोनो पैरों तथा 02 अभियुक्तगण के दाहिने पैर में गोली लगने से घायल हो गये। घायल अभियुक्तगण से नाम पता पूछा गया तो अभियुक्तगण ने अपना नाम 1.किसनपाल पुत्र ऊबी निवासी जिनैटा थाना बनियाठेर जनपद सम्भल 2. मनोज पुत्र टेपाल उर्फ तेजपाल निवासी परतापुर थाना बहजोई जनपद सम्भल 3. भूरे उर्फ भूरा पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम अतरोली थाना भोजपुर जनपद हापुड़ बताया, जिसके कब्जे से 03 अदद तमंचा 315 बोर, 06 जिंदा व खोखा कारतूस 315 बोर व डकैती की घटना में ले जाये गए आभूषण (सफेद व पीली धातु) व 35,000/- रुपये बरामद हुए है घायल पुलिस कर्मी व अभियुक्तगण को पुलिस सुरक्षा में उपचार हेतु जिला अस्पताल बदायूँ भेजा गया है। काम्बिंग के दौरान 02 अन्य अभियुक्तगण को भी गिरफ्तार किया गया जिनसे नाम पता पूछा तो उन्होने अपना नाम 1.दीपक गोस्वामी उर्फ पण्डित पुत्र कल्लू निवासी बहजोई जनपद सम्भल 2.ओमवीर पुत्र मोहरसिंह निवासी ग्राम जनैटा थाना बनियाठेर जनपद सम्भल स्थायी पता ग्राम बछेड़ा थाना धौलाना जनपद हापुड़ बताया। पुलिस मुठभेड़ की घटना के सम्बन्ध में थाना इस्लामनगर पर अभियोग पंजीकृत किया गया एवं गिरफ्तार शुदा अभियुक्तगण को माननीय न्यायलय के समक्ष पेश किया जायेगा।

*गिरफ्तार अभियुक्तगणों से पूछताछ का विवरणः-*

पुलिस मुठभेड़ में घायल व काम्बिंग के दौरान गिरफ्तार अभियुक्तगणों से पूछताछ की गयी तो पूछताछ मे बताया कि हम लोग संगठित गिरोह बनाकर अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर इस तरह की घटना को अंजाम देते है।

*अपराध करने का तरीका -*

उपरोक्त गैंग मांगने खाने के बहाने रैकी कर रात के समय कच्छा बनियान धारण कर घऱो मे घुसकर डकैती व लूट पाट को अंजाम देते है।

*नाम,पता गिरफ्तार शुदा अभियुक्तगण:-*

1. मनोज पुत्र टेपाल उर्फ तेजपाल निवासी परतापुर थाना बहजोई जनपद सम्भल (दोनों पैरों में गोली लगने से घायल)

2. किसनपाल पुत्र ऊबी निवासी जिनैटा थाना बनियाठेर जनपद सम्भल (दाहिने पैर में गोली लगने से घायल)

3. भूरे उर्फ भूरा पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम अतरोली थाना भोजपुर जनपद हापुड़ (दाहिने पैर में गोली लगने से घायल)

4. दीपक पुत्र कल्लू निवासी बहजोई जनपद सम्भल

5. ओमवीर पुत्र मोहरसिंह निवासी ग्राम जनैटा थाना बनियाठेर जनपद सम्भल स्थायी पता ग्राम बछेड़ा थाना धौलाना जनपद हापुड़।

*विवरण बरामदगी -*

03 अदद तमन्चा 315 बोर नाजायज मय 06 जिन्दा कारतूस व 02 अदद खोखा कारतूस व 01 मिस कारतूस 315 बोर व लूटा हुआ माल एक जोडी कुन्डल पीली धातु, दो लोंग पीली धातु, दो नोजपिन पीली धातु, 08 जोडी पाजेव सफेद धातु, एक मंगलसूत्र सफेद धातु, एक हथफूल सफेद धातु,दो जोडी खड़ुए बच्चे के सफेद धातु,एक टीका पीली धातु, एक नथ पीली धातु , दो जोडी बिछुए सफेद धातु , दो अंगूठी लेडीज पीली धातु की , एक अंगूठी जेन्ट्स पीली धातु , एक लोकिट पीली धातु , एक ओम पीली धातु, एक पैन्डल सफेद धातु, नकद रुपये 35000 (पैतीस हजार रुपये) व दो डन्डे व एक टार्च

*अभियुक्तगण का अपराधिक इतिहास –*

*अभियुक्त किशनपाल उर्फ कुशनपाल पुत्र उबी उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम जनैटा थाना बनियाठेर जनपद सम्भल*

1. मु0अ0सं0 2035/2018 धारा 147/148/149/307 IPC थाना सैक्टर 20 जिला गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट

2. मु0अ0सं0 2038/2018 धारा 25/27 आर्म्स एक्ट थाना सैक्टर 20 जिला गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट

3. मु0अ0सं0 790/2018 धारा 395/412 IPC थाना सैक्टर 20 जिला गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट

4. मु0अ0सं0 129/26 धारा 310(2)/333/317(3) BNS. थाना इस्लामनगर जिला बदायूं

5. मु0अ0सं0 130/26 धारा 310/317(3) BNS थाना इस्लामनगर जिला बदायूं

6. मु0अ0सं0 131/26 धारा 310/333/317(3) BNS थाना इस्लामनगर जिला बदायूं

7. मु0अ0स0 136/26 धारा 109(1)/3(5) बीएनएस व 3/25/27 ए एक्ट थाना इस्लामनगर जिला बदायूं

8. मु0अ0स0 1068/2018 धारा 392/411 भादवि थाना दनकौर जिला गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट

*अभियुक्त मनोज पुत्र तेजपाल उर्फ तेपाल निवासी बस स्टैन्ड बहजोई थाना बहजोई जिला सम्भल*

1. मु0अ0सं0 129/26 धारा 310(2)/333/317(3) BNS. थाना इस्लामनगर जिला बदायूं

2. मु0अ0सं0 130/26 धारा 310/317(3) BNS थाना इस्लामनगर जिला बदायूं

3. मु0अ0सं0 131/26 धारा 310/333/317(3) BNS थाना इस्लामनगर जिला बदायूं

4. मु0अ0स0 136/26 धारा 109(1)/3(5) बीएनएस व 3/25/27 ए एक्ट थाना इस्लामनगर जिला बदायूं

*अभियुक्त भूरे उर्फ भूरा पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम अतरोली  थाना भोजपुर जनपद हापुड*

1. मु0अ0सं0 129/26 धारा 310(2)/333/317(3) BNS. थाना इस्लामनगर जिला बदायूं

2. मु0अ0सं0 130/26 धारा 310/317(3) BNS थाना इस्लामनगर जिला बदायूं

3. मु0अ0सं0 131/26 धारा 310/333/317(3) BNS थाना इस्लामनगर जिला बदायूं

4. मु0अ0स0 136/26 धारा 109(1)/3(5) बीएनएस व 3/25/27 ए एक्ट थाना इस्लामनगर जिला बदायूं

*अभियुक्त दीपक गोस्वामी उर्फ पण्डित पुत्र कल्लू निवासी हबाई अड्डा कस्वा व थाना बहजोई जिला सम्भल*

1. मु0अ0सं0 184/2022 धारा 13 जी एक्ट थाना बहजोई जिला सम्भल

2. मु0अ0सं0 129/26 धारा 310(2)/333/317(3) BNS. थाना इस्लामनगर जिला बदायूं

3. मु0अ0सं0 130/26 धारा 310/317(3) BNS थाना इस्लामनगर जिला बदायूं

4. मु0अ0सं0 131/26 धारा 310/333/317(3) BNS थाना इस्लामनगर जिला बदायूं

5. मु0अ0स0 136/26 धारा 109(1)/3(5) बीएनएस व 3/25/27 ए एक्ट थाना इस्लामनगर जिला बदायूं

*अभियुक्त ओमवीर पुत्र मोहर सिंह निवासी ग्राम जनैटा थाना बनियाठेर जिला सम्भल*

1. मु0अ0सं0 129/26 धारा 310(2)/333/317(3) BNS. थाना इस्लामनगर जिला बदायूं

2. मु0अ0सं0 130/26 धारा 310/317(3) BNS थाना इस्लामनगर जिला बदायूं

3. मु0अ0सं0 131/26 धारा 310/333/317(3) BNS थाना इस्लामनगर जिला बदायूं

4. मु0अ0स0 136/26 धारा 109(1)/3(5) बीएनएस व 3/25/27 ए एक्ट थाना इस्लामनगर जिला बदायूं

*गिरफ्तार/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम---*

थानाध्यक्ष श्री उदयवीर सिंह थाना इस्लामनगर जनपद बदायूँ मय पुलिस टीम

प्रभारी एस.ओ.जी निरीक्षक श्री रविन्द्र सिंह मय टीम

प्रभारी सर्विलांस उ0नि0 श्री कपिल कुमार मय टीम

*नोट:-*  वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बदायूँ द्वारा घटना के सफल अनावरण करने वाली टीम को 25,000/- रु0 के इनाम से पुरुस्कृत किया गया है।

*मीडिया सेल, बदायूँ।*